स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

जेएनएसी ने जारी की स्वच्छता की पड़ताल को लेकर रैंकिंग

सरकारी कार्यालयों में डीसी ऑफिस को मिला पहला स्थान

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022. जमशेदपुर अक्षेस की ओर से जारी की गयी रैंकिंग

स्वच्छता रैंकिंग में डीसी ऑफिस, विद्या भारती चिन्मया व टीएमएच रहे अव्वल

600 अंकों की प्रतियोगिता

वरीय संवाददाता जमशेदपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की तैयारी को लेकर जमशेदपुर अक्षेस ने शहर के सरकारी कार्यालय, स्कूल व अस्पताल की स्वच्छता की पड़ताल की. अस्पतालों में टीएमएच सबसे साफ अस्पताल रहा. टीएमएच को 600 में से 490 अंक मिले. इसी प्रकार स्कूलों में विद्या भारती चिन्मय विद्यालय और सरकारी कार्यालयों में डीसी ऑफिस को स्वच्छता में पहला स्थान मिला है. स्वच्छता रैंकिंग के लिए 600 अंक निर्धारित किये गये थे. विद्या भारती चिन्मय विद्यालय को सबसे ज्यादा 595 अंक मिला.

मूल्यांकन कमेटी एक नजर में. सिटी मैनेजर रवि भारती, सोनल सिंह, संदीप कुमार, जय गुड़िया, संदीप कुमार, स्वच्छता विशेषज्ञ सौरभ कुमार शामिल थे.

अस्पताल

द्वितीय

विद्यालय

प्रथम	द्वितीय
विद्या भारती चिन्मया 595	केरला समाजम 552
द्वितीय	तृतीय
सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट 552	लोयोला स्कूल 363

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत सिटीजन इंगेजमेंट के तहत शहर के विभिन्न संस्थाओं की रैंकिंग जारी की गयी है. स्कूल, सोसाइटी, अस्पताल और सरकारी कार्यालयों का मूल्यांकन कराया गया.

कृष्ण कुमार, उपायुक्त

स्वच्छ सर्वेक्षण में आप ही दिला सकते हैं शहर को बेहतर रैंकिंग

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

ये सहयोग कर सकते हैं आप

- इधर-उधर कचरा नहीं फेंके, कर्मचारियों को दें
- सूखा-गीला कचरा अलग-अलग दें
- अपना सुझाव व फीडबैक क्यूआर कोड, स्वच्छता एप, माइ जीओवी के माध्यम से दें
- अपने स्तर पर भी कचरे का निस्तारण करें
- प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें

पिछले साल देश में 12वां और झारखंड में मिला था पहला रैंक : स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में जमशेदपुर अक्षेस को तीन से 10 लाख की आबादी के शहरों में देश में 12वां और झारखंड में पहला स्थान मिला था. जुगसलाई नगर परिषद ने जनसंख्या केटेगरी के (25-50 हजार) में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया था. सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में मानगो नगर निगम को देश में 42वां और ...

बरकरार है.

7500 अंक है इस बार सर्वेक्षण में : स्वच्छता सर्वेक्षण इस बार 7500 अंकों का है. इसमें तीन हजार अंक सर्विस लेवल प्रोग्रेस, 2250 अंक सिटीजन वाइस और 2250 अंक सर्टिफिकेशन के होंगे. सिटीजन वाइस में शहर की जनता को भी इस बार अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी. सिटीजन वाइस के 600 अंक हैं. जिसमें से ...

स्वच्छ सर्वेक्षण • जेएनएसी की स्वच्छता रैंकिंग में एसएसपी ऑफिस को 500 व लोयोला स्कूल को 363 अंक मिले

स्वच्छता में विद्याभारती चिन्मया स्कूल को सर्वाधिक अंक, सरकारी कार्यालयों में डीसी ऑफिस अव्वल

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को लेकर जेएनएसी ने सिटीजन इंगेजमेंट के तहत शहर के स्कूलों, बाजार समिति, होटल, आवासीय कल्याण संघ, अस्पताल और सरकारी कार्यालयों की स्वच्छता रैंकिंग जारी की है। मूल्यांकन के लिए जेएनएसी ने कमेटी बनाई थी। कमेटी ने पिछले दिनों सर्वे कर सभी संस्थानों की रैंकिंग जारी की है। स्कूल केटेगरी में विद्याभारती चिन्मया विद्यालय पहले स्थान पर रहा। सरकारी कार्यालयों में सबसे अधिक साफ डीसी कार्यालय और अस्पताल केटेगरी में टीएमएच आगे रहा।

मूल्यांकन में ये थे मापदंड

- गीला-सूखा, घरेलू खतरनाक व सैनेटरी वेस्ट को अलग रखने की व्यवस्था हो।
- परिसर की दीवारों पर पीक के दाग-धब्बे नहीं हों और पूरा परिसर साफ हो।
- कोविड-19 के दौरान उत्पन्न बायो मेडिकल वेस्ट (ग्लब्स, मास्क आदि) अलग से रखने की व्यवस्था और उसे नगर निकाय को देने की व्यवस्था हो।
- महिला और पुरुष कर्मचारियों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था हो और वहां सफाई हो।
- सभी कर्मियों को नगर निकाय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में भाग लेने की जानकारी हो।

किसे-कितने अंक मिले

संस्थान	अंक मिले
▪ स्कूल	
1. विद्या भारती चिन्मया विद्यालय	595
2. सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल	552
केरला समाजम मॉडल स्कूल	552
3. लोयोला स्कूल	363
▪ कार्यालय	
1. डीसी कार्यालय	535
2. एसएसपी कार्यालय	500
3. जीएसटी कार्यालय	395
▪ अस्पताल	
1. टाटा मेन हॉस्पिटल	490
2. टाटा मोटर्स हॉस्पिटल	430
मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल	430
3. मर्सी हॉस्पिटल	365

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA